### हर घर नल से जल और शुद्ध पेयजल पहुंचाने का दिया निर्देश, कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने पर किया फोकस

# अंधविश्वास व कुप्रथा के खिलाफ गांव-गांव में चलायें जागरूकता अभियान : राहुल शर्मा

## नीति आयोग के सचिव राहुल शर्मा टीम के साथ पहुंचे चैनपुर, उपायुक्त सहित कई अधिकारी थे उपस्थित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** केंद्रीय नीति आयोग के सचिव राहुल शर्मा शुक्रवार को अपनी टीम के साथ गुमला जिला के चैनपुर प्रखंड पहुंचे । जहाँ प्रखंड में चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास योजनाओं की जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। केंद्रीय नीति आयोग के सचिव राहुल शर्मा अपनी टीम के साथ चैनपुर प्रखण्ड के कातिंग स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां लैबोरेट्री, क्लास रूम, सीसीटीवी, स्मार्ट क्लास रूम सहित अन्य चीजों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में वे संतुष्ट नजर आए। तपश्चात चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में चल रहे कई विकास कार्यों का निरीक्षण किया। जिसमें इनडोर स्टेडियम, लाइब्रेरी, गरिमा केंद्र शामिल है। गरिमा केंद्र में श्री शर्मा ने जेएसएलपीएस व सहिया दीदियों के कार्यों की सराहना करते हुए अंधविश्वास व कुप्रथा पर गांव गांव जाकर जागरूकता लाने की बात कही। तदनोपरांत प्रखंड कार्यालय के सभागार में में भारत सरकार के द्वारा संचालित जल जीवन मिशन पर उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी हम प्रत्येक लोगों के घरों को नल जल योजना से जोड़ सके ताकि प्रत्येक घरों को नल से पानी मिले। एक वर्ष के अंदर शत प्रतिशत लोगों के घरों तक नल जल योजना के तहत शुद्ध जल पहुंचाना जरूरी है। इस पर अधिकारियों के साथ रणनीति बनाई। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए श्री शर्मा ने कहा कि नल जल योजना में मॉनिटरिंग करें। साथ ही मटेरियल की गुणवत्ता की भी जांच करें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इधर उनके चैनपुर पहुंचने पर अधिकारियों वह ग्रामीणों ने पुष्प गुच्छ व माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उपायुक्त सुशांत गौरव ने भी अधिकारियों को कई दिशा निर्देश देते हुए विकास योजनाओं का लाभ गांव गांव तक पहुंचाने की बात कही। विकास योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करें और सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम करें। मौके पर चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह, अंचलाधिकारी गौतम कुमार, 20 सूत्री सदस्य सुशील दीपक मिंज, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, प्रमुख ओलीभा कांता कुजूर, अल्पना कुजूर सहित कई लोग उपस्थित थे।



योजनाओं का निरीक्षण करते राहुल शर्मा, उपायुक्त व अन्य।

## ई केवाईसी किसानों का करायें जल्द पूरा : अंचलाधिकारी



बैठक में निर्देश देते अंचलाधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** अंचलाधिकारी घाघरा प्रणव ऋतुराज ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में कृषक मित्रों के साथ बैठक किया। बैठक में पीएम किसान योजना की समीक्षा की गई।

समीक्षा के क्रम में अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने पीएम किसान योजना के लाभुकों का ई केवाईसी कराने को लेकर कृषक मित्रों को निर्देश दिया। प्रत्येक कृषक मित्र अपने क्षेत्रों में जाकर वैसे लाभुकों को जो प्रधानमंत्री किसान योजना का ई केवाईसी नहीं करायें हैं उन्हें जल्द से जल्द केवाईसी करायें। साथ ही जिस किसान का ऋण माफी का लाभ नहीं मिल पाया है उसे प्रज्ञा केंद्र ले जाकर ऋण माफी डॉक्यूमेंट्री पूरा करवाएं ताकि सरकार के द्वारा मिलने वाली लाभ से उन्हें लाभान्वित किया जा सके। इसके साथ ही अंचलाधिकारी ने कहा कि जो भी कृषक मित्र अगले बैठक में अनुपस्थित रहेंगे वैसे कृषक मित्र के ऊपर कार्रवाई होगी। जिसकी सारी जवाबदेही कृषक मित्र की होगी। मौके पर बैठक में बीटीएम नीरज कुमार, कृषक मित्र श्याम साहू, परमेश्वर साय, जयनाथ भगत, प्रदीप गोप, घुड़ा उरांव, रामचरण प्रजापति, पुनई उरांव, बिमल एक्का सहित कई कृषक मित्र उपस्थित थे।

## लोकसभा स्तरीय बैठक 27 मार्च को गुमला में

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल का संयुक्त रुप से लोहरदगा लोकसभा स्तरीय बैठक 27 मार्च 2023 को जिला मुख्यालय गुमला में आयोजित की गई है। यह बैठक आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुलाई जा रही है। जिसमें गुमला को रेल लाइन से जोड़ने, रोजगार विहीन गुमला-लोहरदगा जिले के सीमांत पर एल्युमिनियम कारखाना का निर्माण तथा विकास के नाम पर गुमला व लोहरदगा जिले में मची लूट पर रोक लगाने जैसी जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।

## अज्ञात वाहन के धक्के से स्कूटी सवार मां-बेटी हुई घायल

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के पालकोट रोड स्थित कार्तिक उरांव कॉलेज के समीप अज्ञात वाहन के धक्के से फोरी सुग्गीटोली निवासी हजारी उरांव का 26 वर्षीय पत्नी मीना कुमारी व 4 वर्षीय पुत्री नीतीशा मिंज घायल हो गई। वहीं गस्ती कर रही पुलिस की टीम ने दोनों घायल मां -बेटी को सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में घायल का इलाज जारी है। घटना में मीना कुमारी को पैर में चोट लगी।

## ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार महिला की हुई मौत

फोटो 3 में मृतक महिला का शव ट्रक के पिछले चक्का के पास पड़ा सिसई। एनएच 43 राष्ट्रीय राजमार्ग कुदरा मोड़ सिसई के समीप ट्रक के चपेट में आने से सिसई थाना क्षेत्र के गुरूगांव निवासी 40 वर्षीय बुद्धेश्वरी देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतका बुद्धेश्वरी देवी साइकिल से अपने घर गुरूगांव से सिलाई सिखने सिसई आ रही थी। रांची से गुमला की ओर जा रही ट्रक की चपेट में वह आ गई। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर सिसई पुलिस घटनास्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। जबकि ट्रक को सिसई थाना ने जब्त कर लिया है। इधर घटना के बाद आस-पास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर लग गई।

# करोड़ों की लागत से बने पुल की उपयोगिता सड़क नहीं रहने के कारण हुई बेकार

## ग्रामीण प्रशासन से सड़क निर्माण की कर रहे हैं मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पालकोट प्रखंड के पिंजरा नदी में करोडों की लागत से बना पुल एप्रोच पथ के अभाव में बेकार साबित हो रहा है। पुल का निर्माण तो किया गया लेकिन उसके साथ गांव को जोड़ने के लिए एक बेहतर सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। इस पुल का लाभ पालकोट प्रखंड के नवाडीह, गणेशपुर, माना बीरा, पहाड़ टोली व झगरडांड गांव को जोड़ता। लेकिन सड़क नहीं होने के कारण पुल की उपयोगिता साबित नहीं हो रही है। पुल का जब निर्माण किया जा रहा था तो क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी थी। क्योंकि पुल के अभाव में कई गांव बरसात के दिनों में टापू में बदल जाता था और ग्रामीणों का संपर्क एक दूसरे से कट जाता था। वर्ष 2015 में पुल का निर्माण कार्य किया गया था। पुल का निर्माण तो तेजी से किया गया लेकिन साथ ही गांवों तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ। जिसे पुल क्षेत्र के लोगों के आंखों में चुभती है। पुल के बाद उबड़-खाबड़ रास्ता है। जिसपर चलना बहुत ही मुश्किल है। जप पुल का प्राक्कलन बना था तो गांव तक सड़क निर्माण कार्य को भी उसे जोड़ना था। लेकिन आनन-फानन में पुल निर्माण कर उसकी उपयोगिता समाप्त कर दी गई। अब गांव के लोग सड़क निर्माण की मांग को लेकर इधर-उधर चक्कर काट रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या तो यह है कि यह क्षेत्र सिमडेगा विधान सभा व खुंटी लोकसभा के अंतिम छोर पर बसा है। जहां न तो कभी विधायक और न ही सांसद पहुंचते हैं। जिसे ग्रामीण अपनी समस्या रख पायें। जबकि इलाका गुमला जिला का है। इन गांवों के लोग अपने दुर्भाग्य को कोसते नजर आते हैं। ग्रामीण संतोष सिंह का कहना है कि अगर पुल के साथ गांव तक सड़की बनी रहती तो क्षेत्र का तेजी से विकास होता। पुल के दोनों छोरों पर कच्ची सड़क है। जिसपर बरसात में चलना मुश्किल हो जाता है। संतोष सिंह ने जिला प्रशासन से गांव तक सड़क निर्माण की मांग की है।



पिंजरा नदी पर करोडों की लागत से बना पुल।

## दिव्यांगों के लिए विशेष शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को दिव्यांगों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के कुल 82 दिव्यांगो का रजिस्ट्रेसन कराया गया। जिले से डॉक्टरो की टीम में प्रेमचंद्र भगत, स्वाति कुमारी ने सभी दिव्यांगो की शारीरिक जांच की और उनके प्रमाण पत्र के लिए कागजी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। डॉक्टरो ने बताया कि जैसे ही प्रक्रिया पूरी होती है। दिव्यांगों के घर तक उनका कार्ड पहुंचाया जाएगा। जिसके बाद सरकार के द्वारा दिव्यांगों को मिलने वाली सारी सुविधाएं उनको उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से ललित मिंज, रोसन लकड़ा, अमोल भगत, विनीता जी एवं चैनपुर स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### एक नजर में

## वाहन जांच अभियान, 5 बाइक जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित जोगना मोड़ के समीप शुक्रवार को वाहन जाँच अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी के निर्देश पर स०आ०नि० पवन सोरेन और आयता खेस द्वारा शास्त्र बल के सहयोग से शुक्रवार को भी लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग में सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित जोगना मोड़ के समीप पुलिस बल के सहयोग से सघन वाहन जाँच अभियान चलाया गया। वाहन जाँच के दौरान बाइक चालकों का हेलमेट,वाहन सम्बन्धित कागज,डिक्की,बैग थैला सहित अन्य चीजो का निरीक्षण किया गया। तथा बाइक चालकों को हेलमेट पहन कर वाहन चलाने का सख्त निर्देश दिया गया। बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने और वाहन का कागज नही रहने पर 5 बाइक को जप्त कर थाना में सुरक्षित रख गया है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सेन्हा थाना क्षेत्र में लगातार वाहन जाँच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बिना हेलमेट पहने बाइक चलाते हुए पकड़े जाने पर या वाहन सम्बन्धित कागज नही रहने पर नियम संगत सख्त कारवाई किया जायेगा। मौके पर स०अ०नि० पवन सोरेन,आयता खेस दल बल के साथ मौजूद थे।

## दामाद की हत्या से क्षेत्र में फैली सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र रंकुली में एक युवक की हत्या लाठी डंडे से पीटपीट कर करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है। कि घटना गुरुवार देर रात की है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि मृतक का पहचान रंकुली निवासी सोहन असुर के रूप में किया गया है। वही बताया जाता है। कि सोहन असुर गांव के बिता असुर का दामाद था। जो मुंगो की ओर से रंकुली जा रहा था। उसी दौरान रंकुली नदी के आसपास घटना को अंजाम दिया गया है। सोहन असुर की हत्या के 15 दिन पूर्व उसकी पत्नी का भी देहांत हुआ था। जो बीमारी से होने की बात बताई जा रही है। वही इस घटना को अंजाम देने की पीछे किसका हाथ है। जिसका खुलासा नही हो पाया है। वहीं लोगो के बीच तरह तरह की बातें चल रही। सोहन असुर के हत्या के पीछे आपराधिक या फिर आपसी रंजिश के कारण होने का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना को लेकर सेरेंगदाग थाना पुलिस से संपर्क किए जाने पर बताया गया कि घटना की सूचना प्राप्त हुआ है। परंतु घटना का कारण की खुलासा नही हुआ है। वहीं पुलिस इस घटना को लेकर सूत्रों के मदद से घटना का उतभेदन के लिये साक्ष्य जुटाने की दिशा कार्य कर रही है। साथ ही अतिनक्सल प्रभवित क्षेत्र होने के कारण पुलिस घटना स्थल पर नही पहुंची है।

## बेमौसम बारिश ने ठंड का कराया अहसास

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को एक बार फिर से बेमौसम बारिश ने ठंडा का अहसास दिला दिया है। मार्च महीना के दूसरे सप्ताह मे लोग भले ही ठंड से बचाव के ऊनि कपड़े रख दिए थे, परंतु भंडरा में शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश ने एक बार फिर लोगों को गर्म कपड़े पहनने को विवश कर दिया है। शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश के बाद से सड़कें वीरान हो गई है। लोग अपने-अपने घर में दुबके हुए है। हालांकि बारिश के बाद से किसानों के चेहरों में रौनक है। किसानों का मानना है कि इस वर्ष आम की पैदावार बेहतर होगी। आम के लिए बारिश बहुत कारगर साबित होगा। भंडरा प्रखंड में शुक्रवार को हुई बारिश के बाद भंडरा,बिटपी,पोडहा, धनामुजी, सेमरा, बेदाल, मलंगटोली, भौंरो के किसानों में खुशी है। साथ हि बेमौसम से लोगो को गर्मी से राहत मिलेगी।

## ग्रामीणों की मेहनत से जंगल में लगी आग पर पाया गया काबू

**कैरो।** एक तरफ रंगों के त्योहार होली में जहाँ पूरा मानव समाज रंगों में डूबा रहता है, वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण व पहाड़ी क्षेत्र में जीवन रक्षक जंगल मे कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा प्रतेयक वर्ष आग लगा दिया जाता है। जिसके कारण असंख्य जंगली जड़ी बूटी के नष्ट हो जाते हैं और छोटे छोटे जंगली जीवों का भी मौत हो जाता है। पिछले एक सप्ताह से खरता-मेलानी-चाल्हो पहाड़ में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दिया गया जिसके बाद रात के अंधेरे में पूरा क्षेत्र भयावह दिखाई देता था उसके बाद खरता के युवकों ने एक जुटता का परिचय देते हुए वन विभाग द्वारा प्राप्त आग बुझाने वाला मशीन लेकर रात में वे सुबह में घंटो मेहनत कर आग पर काबु पाया गया। इधर वनप्रेमी व ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर पकड़ कर कड़ी कार्यवाही करने की जरूरत है ताकि भविष्य में इस तरह की घटना न हो। आग बुझाने वालों में मुख्य रूप से बुधेश्वर भगत, राजेश भगत, बासुदेव भगत, एम तिवारी, सुसेन महतो, बहादुर उरांव, छोटू भगत, जगेश्वर भगत, जुगल साहू, बीरबल महली सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## जनवितरण संचालक दुकानों का अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को दंडाधिकारी अभिनीत कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग स्थानों में जनवितरण संचालक दुकानों में औचक निरीक्षण किया।इस क्रम में कई गड़बड़ी पकड़ी गई। निरीक्षण के क्रम में खाद्यान, तेल का वितरण पंजी, दुकान खुलने का समय सहित कार्डधारकों को वितरण को लेकर कई तरहः की जानकारी ली। साथ ही किसी भी तरह के गड़बड़ी पाए जाने पर करवाई का चेतावनी दी गई। हालांकि मामले को लेकर मजिस्ट्रेट अभिनीत कुमार से बात करने को लेकर कई बार दूरभाष में संपर्क साधने की प्रयास की गई किन्तु फोन रिसीव नही करने के कारण बात नहीं हो सकी।

## मवेशी के हमले में युवक घायल

**गुमला।** कोलेबीरा थाना द्वोत्र के बानो गट्टीगढ़ा गांव निवासी 38 वर्षीय किशोर गोप मवेशी के मिले में गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां परिजनों ने बेहोशी की हालत में गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां चिकित्सकों की देखरेख में घायल का इलाज जारी है। घटना में व्यक्ति के सर पर गंभीर चोट लगी है। घटना की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि घर से कुछ दूर मवेशी चराने के लिए किशोर गया हुआ था। उसी क्रम में दो मवेशी आपस में लड़ने लगे। जिसको देखकर किशोर गोप उसे छुड़ाने के लिए आगे बढ़ा। जैसे ही नजदीक पहुंचा तो एक मवेशी ने उस पर हमला कर दिया। जिससे उसके सर पर गंभीर चोट लगी और उसी जगह मुर्क्षित होकर गिर पड़ा। वहीं साथ मवेशी चराने गये लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। जहां परिजनों ने घटनास्थल पहुंच घायल को तत्काल सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया है।

## देश के विकास में महिलाएं निभा रही हैं महती भूमिका : प्रमुख

**डुमरी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुक्रवार को डुमरी प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रमुख जीवंती एक्का की अध्यक्षता में महिलाओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मनरेगा अंतर्गत कार्यरत महिला कर्मी, मेट, मजदूर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने मनरेगा में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी तथा मनरेगा से मिलने वाली लाभ के बारे में जानकारी साझा किया गया। इस अवसर पर प्रमुख जीवंती एक्का ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में कार्य कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। देश की आधी आबादी देश के विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार के विकास में सहायक साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से योजनाओं के गुणवत्ता में भी सुधार आयी है। महिलाएं मनरेगा कार्य को धरातल में उतारने में अहम भूमिका निभा रही है।

### थानेदार बने गुरुजी, बच्चों को पढ़ा रहे हैं गणित, विज्ञान व अंग्रेजी

# अवर निरीक्षक विकास विश्वकर्मा बच्चों को दे रहे हैं नि:शुल्क शिक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा में पुलिस वाले बच्चों के बीच शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। यहां के बच्चे भी अब पुलिस से डरने के बजाय उनसे ज्ञान अर्जित कर रहे हैं। बता दे की सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसकों देखते हुए थाना के पुलिस अधिकारी- ने कमान संभाल ली है। पुलिस अधिकारी समय समय पर बच्चों की क्लास लेकर गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषय को मजबूत कर रहे हैं।

सबसे अधिक इन्हीं विषयों के शिक्षकों की कमी है। जिले के भंडरा थाने के अवर निरीक्षक विकास कुमार विश्वकर्मा समय समय पर अपना कीमती वक़्त निकाल कर बच्चों के लिए शिक्षक बनते है अवर निरीक्षक कभी कभी कुछ समय शिक्षक की भूमिका में दिखते हैं और बच्चों को पढ़ाते हैं। थाने के पुलिस अधिकारी द्वारा बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देने पर क्षेत्र में पुलिस के प्रति ग्रामीणों मे सम्मान बढ़ रहा है। अवर निरीक्षक विकास कुमार विश्वकर्मा ने बताया की बच्चों को पढ़ाने मे काफी सकून मिलता है।

बच्चों को गणित, विज्ञान, अंग्रेजी की क्लास समय समय पर लेते है। पुलिस द्वारा क्लास लेने पर बच्चो मे भी काफी उत्साहित रहते है और बच्चे भी मन लगाकर पढाई करने लगे। आज सभी ग्रामीण खुश हैं। पुलिस द्वारा बच्चों की पढ़ाई की चर्चा गांव से लेकर प्रखंड भर में हो रही है। जो बच्चे गांव में घूमकर समय बर्बाद करते थे, आज वे भी स्कूल में आकर शिक्षा ले रहे हैं। गांव के लोग भी पुलिस की इस पहल से आज खुश हैं। अवर निरीक्षक विकास कुमार विश्वकर्मा का कहना है कि हम दो घंटा बच्चों के लिए समय निकालकर उन्हें पढ़ाते हैं।

हम चाहते हैं कि बच्चे पढ़ लिखकर हमसे भी बड़े अधिकारी बनें। जरूरतमंद बच्चों को कॉपी, स्लेट, कलम, पेंसिल भी दी जाती है। गणित, विज्ञान एवम अंग्रेजी विषय के शिक्षकों की कमी होने से बच्चों को उक्त विषयों में परेशानी होने की जानकारी होने पर अवर निरीक्षक विकास कुमार विश्वकर्मा ने ग्रामवासियों को यथासंभव मदद करने का आश्वासन भी दिया है। आज गांव में शिक्षा का ऐसा माहौल बन गया है कि कोई बच्चा ज्यादा खेलना और घूमना नहीं चाहता है। पुलिस की यह पहल काफी प्रेरणादायक है। इससे समाज मे पुलिस के प्रति सकारात्मकता बढ़ेगी।



विकास विश्वकर्मा।

## पीसीसी सड़क का हुआ शिलान्यास ग्रामीणों ने जताया आभार



शिलान्यास करते जिप सदस्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** सड़क किसी भी गांव का विकास का पैमाना होता है। सड़क बेहतर होगा तो आवाजाही में सुगमता के साथ व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा,जिससे ग्रामीणों के जीवन में बदलाव आएगा।उक्त बाते किस्को प्रखंड के अरेया पंचायत के तेतरडंड गांव के सेमरटंड से चंदवा टोंगरी तक पीसीसी सड़क का शिलान्यास के मौके पर जिप सदस्य संदीप कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को कही। मौके पर उन्होंने कहा की सड़क निर्माण में गुणवाता का ख्याल रखते हुए कार्य होना चाहिए,सालो बाद इस सड़क का निर्माण हो रहा है।

## डीसी ने किया जनवितरण दुकान का निरीक्षण, कहा- गड़बड़ी पर होगी करवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड के अरु ग्राम में सेवा महिला मंडल द्वारा संचालित जन वितरण दुकान का औचक निरीक्षण जिला के उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्णा द्वारा किया गया। मौके पर डीसी ने आवंटन एवं वितरण सम्बन्धित जानकारी पीडीएस दुकानदार से लिया। साथ ही उन्होंने दुकान में रखे चावल और गेहूं बोरे का गिनती करने का निर्देश दिया। दुकान में 139 चावल की बोरी पाया गया।

उन्होंने तत्काल जिले के अधिकारी डीटीओ मनीष कुमार को निर्देश दिया कि हर बिंदु पर सेवा महिला मंडल दुकान की जांच कर रिपोर्ट अग्रसारित करें। इसके अलावा उपायुक्त ने जन वितरण दुकान के कार्डधारी के लाभुकों से बात कर चावल आपूर्ति की जानकारी लिया। वहीं मौके पर ही नुसरत खातुन, परिण खातुन, बिपता उराँव, रफीक अन्सारी, नुरेशा खातुन, बेबी खातुन, बिरसी उराइन, कालो उराइन, सफरुद्दीन अन्सारी सहित लगभग 14 कार्डधारीयों से माप तौल के बारे में पूछताछ कर जानकारी लिया गया। कार्डधारीयों ने बताया कि 35 किलो चावल के जगह में 32 किलो राशन मिलता है। या 20 किलो राशन में 19 किलो राशन प्राप्त होता है। साथ ही तो कुछ लोगों ने कहा कि जब से नया ई पौष मशीन आया है। तब से दो-तीन माह से राशन सही मिल रहा है उससे पहले 6 व्यक्ति में 30 किलो राशन में 2 किलो राशन की कटाई की जाती थी। पर्ची मिलने की बात पूछने पर लोगों ने बतलाया की पर्ची नहीं दिया जाता है। साथी उपायुक्त द्वारा कार्डधारीयों का राशन कार्ड का भी सत्यापन किया गया और राशन कार्ड के अनुसार प्रति व्यक्ति 5 किलो राशन की जानकारी लिया गया। तो लोगों द्वारा राशन कटौती या माप तौल के बारे स्पष्ट रूप से उपायुक्त को नहीं बताया गया। वही पर किसी ने कहा कि राशन कुछ कम मिलता है। तो किसी ने कहा ई पोश मशीन से राशन सही तौल कर देता है। उपायुक्त द्वारा राशन दुकान में बोर्ड अच्छी तरह लगाने और प्रतिदिन आवंटन एवं बचत को दशार्ने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने मीडियाकर्मियों को जानकारी देते कहा कि पूरे जिले भर में पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में अगर कही भी किसी दुकान पर गड़बड़ी पाई जाती है। तो निश्चित तौर से उस दुकान पर कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर सत्यकाम श्रीवास्तव, पंचायत सचिव रिजवान अख्तर, रोजगार सेवक योगेन्द्र ठाकुर के अलावे कार्डधारी ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।



निरीक्षण करते डीसी।

# एकल विद्यालय की महिला आचार्यों को अलग-अलग नंबरों से परेशान किये जाने को लेकर थाने में दिया गया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड में संचालित एकल विद्यालय के लगभग एक दर्जन महिला आचार्यों को अलग-अलग नंबरों से कल के जरिए अपशब्द बोलकर परेशान किये जाने का मामला प्रकाश में आया है।

इसे लेकर महिला आचार्य ने डोमचांच थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। आचार्या ने आवेदन में कहा है कि गत माह से कोई लड़का का फोन आया और मैंने उसे गलत नंबर कहकर काट दिया। फिर उसने अलग-अलग नंबरों से कल करना जारी रखा और 13 दिन बाद हमसे जबरदस्ती बात करने की जिद करने लगा और जब मैंने बात करने से इनकार कर दिया, तो उसने कहीं से मेरा सारा इंफर्मेशन निकाला और एक फेक नंबर से कल करना शुरू कर दिया।

यहां तक कि हमारे ग्रुप में भी छेड़-छाड़ कर ग्रुप के सारे मेंबर्स को परेशान करना शुरू कर दिया और बार-बार धमकी देने लगा कि यदि बात नहीं किया तो जिंद्गी बर्बाद कर दूंगा।

## युवक द्वारा महिला आचार्यों को इन नंबरों से किया जा रहा परेशान

4471861838, 4435095704, 4471262831, 4435095707, 4471262837, 4435095737, 4471262713,44350958110, 4435095738, 4471262707, 4435095753, 9572179555, 4435095755, 4471262797, 4435095737, 4471262713 के अतिरिक्त 8603284702, 6299324020, 9835204086, 7808707941 से परेशान किए जाने की बात कही जा रही है। आचार्यों ने प्रशासन द्वारा अब तक कार्रवाई नहीं किए जाने से काफी भयभीत हैं। उल्लखनीय हो की प्रखण्ड में 30 एकल विद्यालय संचालित हैं। जिनमें अपराह्न तीन से छह बजे तक बच्चों को नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा दी जाती है।

## गांव-गांव घूम कर लोगों को यक्ष्मा के प्रति किया जायेगा जागरूक : डॉ रमण



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** यक्ष्मा रोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर जिला यक्ष्मा विभाग द्वारा बीते 24 फरवरी से 24 मार्च तक जिले में आयोजित विशेष जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को सदर अस्पताल परिसर से जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 24 मार्च को सम्पूर्ण देश में विश्व यक्ष्मा दिवस मनाया जाएगा, इसको लेकर विभागीय निर्देश के आलोक में जिले में एक माह तक यक्ष्मा रोग के प्रति विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जागरूकता रथ को रवाना किया गया। मौके पर डीएमओ डॉ. मनोज कुमार, संजय वर्मा, प्रकाश कुमार रवि, अखिलेश कुमार, सुनीता कुमारी, प्रतिभा नारायण, बाबूलाल भारती, पल एक्का आदि मौजूद थे।

## युवक का शव ससुराल में पंखे से झूलता मिला

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पचगावां में पुलिस ने बुधवार सुबह एक युवक शव का संदिग्ध अवस्था में ससुराल में पंखा से झूलता हुआ बरामद किया। मृतक की पहचान डोमचांच थाना क्षेत्र के ही 30 वर्षीय रोहित राणा ग्राम लेंगरापीपर निवासी के रूप में हुई है। मृतक के ससुराल वाले घटना के बाद से फरार हैं। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पिछले 4 महीने से सुसराल में ही रह रहा था। वहीं उक्त घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए डोमचांच थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मृतक की पत्नी कुछ भी बताने में असमर्थ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकता है। मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है।

## तंबाकू नियंत्रण को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग और सोशियो इकोनमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाईटी (सीड्स) के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि तम्बाकू सेवन से न सिर्फ सेहत पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है, साथ ही आर्थिक नुकसान भी होता है। तम्बाकू सेवन न कर जिंद्गी के साथ-साथ आर्थिक नुकसान को भी बचाया जा सकता है। आगे उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान को सफल करने के लिए हमें मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता हैं, जिससे कि हम अपने आने वाली पीढ़ी के भविष्य को बचा सकते हैं। साथ ही समाज के आम लोगों के बीच जाकर लोगों




को तंबाकू का सेवन नहीं करने हेतु प्रेरित एवं जागरूक करना होगा। जिससे तंबाकू के सेवन पर नियंत्रण लगाने में सफलता मिलेगी। सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने अपने कार्यालयों में तम्बाकू मुक्त क्षेत्र का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया गया।

प्रतिबंधित पान मसाला की बिक्री के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान चलाकर कार्रवाई करें। उन्होंने अधिकारियों को तंबाकू संबंधित उत्पादों पर रोक लगाने हेतु उठाए जाने वाले कदमों आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। सभी अधिकारियों को समय-समय पर सरकार द्वारा तंबाकू नियंत्रण के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों एवं उनके अनुपालन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि तंबाकू सेवन करना एक खतरनाक आदत है, जहां छोटे-छोटे बच्चे हैं, वहां तो स्थिति और भी अधिक नाजुक बन जाती है। मौके पर एसडीओ संदीप कुमार मीणा, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, डीएसडब्लूओ आरती कुमारी, एसीएमओ, डीएलओ, डीएमओ, डीएसई, सभी बीडीओ एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद थे।

## मिजिल्स रुबैला संक्रमण की रोकथाम को लेकर उपायुक्त ने की डीटीएफ की बैठक, दिये कई निर्देश

# माइक्रो प्लान बनाकर लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत बच्चों को टीकाकरण करें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में मिजिल्स रुबैला संक्रमण रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा, इसे लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स बैठक की गई। बैठक में उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने इस वर्ष मिजिल्स रूबेला के उन्मूलन के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए प्रथम दो सप्ताह स्कूल में, फिर दो सप्ताह आंगनवाड़ी में और एक सप्ताह छूटे हुए बच्चो को टीका लगाया जायेगा। जिसमें 9 महीने से लेकर 15 साल तक के जिले के लगभग 275415 बच्चों का एमआर टीकाकरण किया जाएगा। अभियान के दौरान सभी स्कूल, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य संस्थान में टीकाकरण किया जाएगा। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, सभी पंचायती राज संस्थान एवं एनजीओ से सहयोग लिया जाएगा। बैठक में उन्होंने कहा कि अभियान की तैयारी करने के लिए अभी पर्याप्त समय है। सभी बीडीओ




एवं एमओआईसी स्वयं माइक्रो प्लान तैयार करें जिससे कोई बच्चा छूटे नहीं। साथ ही प्रखंड में मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों का सहयोग ले।

**टीका पूरी तरह सुरक्षित :** बैठक में वर्ल्ड हेल्थ अर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के डॉ. दीपक ने कहा कि अभियान के अंतर्गत 9 माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को यह टीका लगाया जाएगा। अगर बच्चे ने पहले भी टीका लिया है तो भी उसे टीका दिया जाएगा। कहा खसरा रोग के सफाई तथा रूबेला को नियंत्रित करने के लिए बच्चों को यह टीका दिया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा खसरा रूबैला का टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित है, इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। बच्चों को यह टीका एक प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी द्वारा लगाया जाएगा।

**क्या है रूबैला संक्रमण :** रूबैला संक्रामक एक रोग है, यह भी वायरस द्वारा फैलता है। इसके लक्षण खसरा रोग जैसे होते हैं, यह लड़के या लड़की दोनों को संक्रमित कर सकता है। यदि कोई महिला गर्भावस्था के शुरुआती चरण में इससे संक्रमित हो जाए तो कंजेनिटल रूबैला सिंड्रोम (सीआरएस) हो सकता है जो उसके भ्रुण तथा नवजात शिशु के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। मौके पर एसडीओ संदीप कुमार मीणा, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, डीएसडब्लूओ आरती कुमारी, एसीएमओ, डीएलओ, डीएमओ, डीएसई, सभी बीडीओ एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## दो अभियुक्तों को जेल

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना कांड संख्या 45/23 पोक्सो एक्ट 2012 के प्राथमिकी अभियुक्त संजय कुमार पिता तुलसी दास ग्राम कटिया थाना जयनगर एवं जयनगर थाना कांड संख्या 42/23 के प्राथमिकी अभियुक्त बबलू पांडे पिता सच्चिदानंद पांडे ग्राम जयनगर हाई स्कूल रोड थाना जयनगर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## चंद्रदेव कुशवाहा बने नवयुवक कुशवाहा संघ के अध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कादोडीह में कुशवाहा होली मिलन समारोह तथा कुशवाहा नवयुवक संघ का पुनर्गठन पर्यवेक्षक मुंशी महतो एवं दामोदर कुशवाहा की उपस्थिति में की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष नागेश्वर महतो व संचालन रामेश्वर महतो द्वारा किया गया।



बैठक को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित कुशवाहा संघ के अध्यक्ष ने कहा कि हमारा संगठन समाज के उत्थान, सामाजिक जागरूकता एवं समाजिक भाईचारा के लिए कार्य करेगी व समाज में व्याप्त रूढ़ीवादियों को दूर करने का प्रयास करेगा।

## लापता महिला का शव जंगल में लटका मिला

**सतगांवा (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठियार पंचायत के कुशातरी जंगल से पुलिस ने बुधवार की सुबह एक महिला का शव पेड़ में लटका हुआ बरामद किया है। महिला की पहचान 26 वर्षीय वसंती देवी कोठियार पंचायत के करमाटांड़ निवासी के रूप में की गई है।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




शिविर में उपस्थित बीडीओ, पीएलवी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** नालसा नई दिल्ली के दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से झालसा रांची के आदेश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह दिवस के अवसर पर रंका प्रखंड सह अंचल कार्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बीडीओ देवानंद राम, अंचल पीएलवी कृष्णा नन्द दुबे, मुरली श्याम तिवारी, संगीता सिन्हा, रिसोर्स पर्सन रामा शंकर चौबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि बीडीओ ने महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं उन पर होने वाले अत्याचार के बारे में महिलाओं को जागरूक किया। पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन शोषण की रोकथाम, दहेज प्रतिशेध अधिनियम, भरण पोषण, महिलाओं का स्वास्थ्य अधिकार, बाल विवाह आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जिस घर में नारी का सम्मान होता है, उस घर में देवताओं का वास होता है। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने विवाह विच्छेद, एसिड अटैक, महिलाओं व बच्चों की किडनैपिंग, दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पीएलवी संगीता सिन्हा ने बालिका गृह के बारे में जानकारी दी।

# आदर्श विवाह कमेटी ने करायी छह असहाय कन्याओं की शादी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड के अरसली दक्षिणी पंचायत में आदर्श विवाह कमेटी के तत्वावधान में बनखेता गांव के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में आदर्श विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में गांव के छह असहाय कन्याओं का शादी कराया गया। जिसमें चंचला कुमारी की शादी मेराल थाना के बंका निवासी रामअवतार भुइयां के पुत्र कर्मजीत भुइयां से, रीता कुमारी की शादी सोनभद्र जिला के बेरमो निवासी सुरेंद्र चेरो के पुत्र विजय कुमार से, आरती कुमारी की शादी राबट्र्सगंज जिला के चुर्क निवासी लवकुश राम के पुत्र कमलेश कुमार से, पिंकी कुमारी की शादी बिहार के चुंहटा के सीता सिंह के पुत्र विमलेश कुमार से, कविता कुमारी की शादी पनियाखोह के नागेंद्र चेरो के पुत्र विपिन कुमार से, बिन्दा कुमारी की शादी केतार थाना के परती कुशवानी निवासी सुदर्शन सिंह के पुत्र दीपक कुमार से हुई। सभी लड़कियों का कन्यादान विधायक भानु प्रताप शाही, मुखिया अनिता देवी, पति सोनाकिशोर यादव एवं पंचायत सेवक राजगीर राम और पत्नी ललिता देवी ने विधिवत हिन्दू

## विधायक ने किया कन्यादान



कन्यादान करते विधायक।



विधायक, डीडीसी व अन्य।

रीति रिवाज के साथ किया। पंडित लव पाण्डेय ने विवाह कार्यक्रम को संपन्न कराया। मौके पर विधायक श्री शाही ने वर-वधु को बधाई दी। उन्होंने आदर्श विवाह कराने में रात-दिन एक करने के लिए मुखिया अनिता देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव सहित अरसली दक्षिणी के युवाओं को धन्यवाद दिया। विधायक ने कहा कि आदर्श विवाह समारोह में असहाय कन्याओं की शादी कराना झारखण्ड का इतिहास बन गया है। जब पहली बार शादी करा रहा था तो बहुत आलोचना सुनने को मिला था। अब तक 200 असहाय कन्याओं का शादी करा चुके हैं। डीडीसी राजेश राय ने आदर्श विवाह कराने के लिए विधायक एवं उनकी टीम का तारीफ किया। उन्होंने कहा कि यह आदर्श विवाह समारोह इतिहास बन गया है। डीडीसी ने वर-वधु को आशीर्वाद देते हुए सभी जोड़ियों को आवास योजना एवं कन्यादान योजना से आच्छादित करने की बात कही। आदर्श विवाह समिति के अध्यक्ष ने कहा कि यह विवाह सामाजिक प्रेम एवं मानवीय संवेदना के आधार पर है। उन्होंने कहा कि यह शादी नहीं बल्कि संदेश है। दहेज प्रथा को खत्म करने का, बेटा-बेटी को समान रूप से देखने का, समाज में बराबरी लाने का, जरूरत मंदो को मदद करने का। मौके पर जिला परिषद जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, भवनाथपुर बीडीओ जयपाल महतो, विधायक के निजी सचिव धनजंय साह, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानन्द सोनी, सांसद प्रतिनिधि इन्द्रदेव यादव, भाजपा नेता मनोज पहाड़िया, पूर्व प्रमुख रीता देवी, भवनाथपुर पंचायत मुखिया बेबी देवी, सिंदुरिया मुखिया नंदलाल पाठक, जेई श्याम कुमार चौधरी, बीपीओ दयानन्द प्रजापती, पंचायत सेवक अजित सिंह, शशि कुमार, आवास को-ऑडिनेटर सिराज अहमद आदि लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

## पत्थर खदान में युवक डूबा दूसरे दिन भी नहीं मिला शव



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड एवं बिहार के सिमाना पर स्थित प्रखण्ड के नावाडीह पनारी पंचायत के ग्राम जजलो बाजार के समीप बंद पड़े पत्थर माइंस के खदान में नहाने दौरान एक नवजवान डूब गया है। ग्राम खजुरिया निवासी रूपेश यादव 22 वर्षीय पिता ईश्वर यादव जजलो स्थित माइंस के खदान में नहाने के क्रम में गहरे पानी में चला गया और नही निकल सका जिस से उसकी मृत्यु हो गई और खबर लिखे जाने तक एनडीआरएफ की गोताखोर टीम शव की खोज बीन में लगी है। अभी तक नहीं निकाला जा सका है। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बावजूद शव बाहर निकालने में असफल रहे। एनडीआरएफ टीम घंटों से मुशक्कत कर रही है लेकिन खबर लिखे जाने तक सफलता हाथ नहीं लगी है।

## 5 दिवसीय महायज्ञ शुरू

**चतरा।** जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड अंतर्गत धमधमा गांव में कलश यात्रा एवं नगर भ्रमण के साथ ही हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ प्रारंभ हो गया है। कलश यात्रा एवं नगर भ्रमण में जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रज किशोर मुख्य रूप से शामिल हुए। जिप उपाध्यक्ष ने श्रद्धालुओं को कलश देकर कलशयात्रा का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सभी उपस्थि श्रद्धालुओं को महायज्ञ की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि की कामना की।

## इटखोरी बाजार में जाम हुआ आम, लोग परेशान



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के इटखोरी बाजार में जाम की समस्या लगातार विकराल रूप धारण करती जा रही है। जाम के कारण वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानियां उठानी पड़ती हैं। इटखोरी चौक में दिन में कई बार जाम लगता है। जाम लगने का कारण सड़क का संकरा होना है, लेकिन इस समस्या को सड़क किनारे खड़े दोपहिया वाहन व गाड़ियां और भी गंभीर बना देते हैं और दुकानदार भी अतिक्रमण कर रहे है, जिससे जाम की समस्या निरंतर बढ़ रही है। नतीजा बड़ी गाडियों को पास देने के लिए जगह नहीं मिलती, जिससे लगभग आधा घंटे तक बाजार में गाड़ियां रिवर्स करवानी पड़ती हैं। इसके अलावा इतने बड़े बाजार में पार्किंग की व्यवस्था न होना भी जाम लगने का कारण है, लेकिन इनका इस्तेमाल आज तक नहीं हो सका है। जाम का यह सिलसिला दो बजे से शुरू होकर शाम सात बजे तक रुक-रुक कर चलता रहता है, जिससे वाहन चालकों को जाम से निकलने के लिए अच्छी खासी माथापच्ची करनी पड़ती है।

## फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**गिद्धौर।** थाना पुलिस ने शुक्रवार को राजपुर थाना के पेलतोल गांव में छापामारी अभियान चलाकर एनडीपीएस मामले में फरार अभियुक्त अर्जुन राणा के पुत्र राहुल कुमार 23 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी मनोज पाल ने यह जानकारी दी की थाना कांड संख्या 32/21 के अभियुक्त के गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## समीक्षा बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति के अंतर्गत संचालित कौशल विकास योजनाओं एवं प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना समेत अन्य योजनाओं के तहत संचालित प्रशिक्षण केंद्रों की जानकारी लेते हुए वित्तिय वर्ष 2022-23 में दिए गए प्रशिक्षण का डेटा बेस की समीक्षा कर जिले में संचालित प्रशिक्षण केंद्र एवं उनके द्वारा किये गए प्लेसमेंट की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। प्रशिक्षित बच्चों की संख्या और प्लेसमेंट प्राप्त बच्चों की संख्या में भारी अंतर की जानकारी लेते हुए उन्होंने प्लेसमेंट बढ़ाने का निर्देश दिया।

## बाल श्रमिकों से काम लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वास हेतु गठित जिला टास्क फोर्स द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिले में बाल श्रम के उन्मूलन हेतु गठित टास्क फोर्स द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

साथ ही उन्होंने उनके पुनर्वास के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि नशा मुक्ति अभियान और बाल श्रम उन्मूलन अभियान नियमित रूप से कराया जाए तथा टास्क फोर्स की बैठक महीने में एक बार नियमित रूप से हो।

## फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार

**गिद्धौर।** थाना कांड संख्या 52/18 के डकैती का फरार अभियुक्त बिहार राज्य के गया जिले के बाराचट्टी बुमेर गांव निवासी पप्पू खान उर्फ पप्पू अंसारी उर्फ अखलाक अंसारी के घर पर गिद्धौर थाना पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी मनोज पाल ने बताया कि अभियुक्त के घर पर न्यायालय से निर्गत इश्तेहार चिपकाने के बाद आत्मसमर्पण नहीं करने की स्थिति में कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि उक्त अभियुक्त के ऊपर 29 अगस्त 18 में गिद्धौर थाना के अंतर्गत दतुआ आहर गांगपुर जंगल के समीप डकैती केस में अभियुक्त पर मामला दर्ज किया गया था।

## स्पीड न्यूज

### राजकीय सरहुल परब को लेकर बैठक 12 को

**चंदवा।** आगामी राजकीय सरहुल महोत्सव को लेकर प्रखंड सरना समिति की बैठक 12 मार्च रविवार को चंदवा के कुसुमटोला सरहुल टांड कृषि फार्म परिसर में दिन के 11 बजे आयोजित की गई है। उक्त जानकारी देते हुए प्रखण्ड पड़हा राजा धनेश्वर उरांव ने प्रखंड सरना समिति के लोग, समाज के प्रबुद्धजन, बुद्धिजीवी व आमजनों के बैठक में शामिल होकर बहुमूल्य विचारों को रखने की अपील की है। उन्होंने बताया कि 24 मार्च को झारखंड प्रदेश में राजकीय सरहुल महोत्सव मनाया जाना है। जिसको लेकर सरना समिति तैयारी में जुट गई है। तैयारियां को गति देने के निमित उक्त बैठक आहूत की गई है।

### स्थायी वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**छिपादोहर।** थाना क्षेत्र के कुचिला में छापामारी अभियान चला कर स्थायी वारंटी उपेंद्र राम को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि उपेंद्र राम पर वारंट था जो पिछले कई दिनों से फरार चल रहा था जिसे विशेष छापामारी अभियान चला कर उसके घर कुचिला से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आगे और भी अभियान चला कर वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। छापामारी अभियान में एसआई काशी महली,सहायक अवर निरीक्षक सुरेश यादव सहित आईआरबी के जवान शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-रांची मुख्य पथ पर रेलवे ओभरब्रिज के पास गुरुवार देर रात करीब नौ बजे दो अलग-अलग बाइक सवारों की हुई टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार मो० आशु खां 25 वर्ष पिता मुस्ताक खां,अफसर अंसारी 26वर्ष पिता मो० आलम,मो०सदाम शेख 20वर्ष पिता मो० अख्तर तीनो गोलूगया बिहार निवासी तीनो बालूमाथ स्तिथ तेतरियाखांड कोलियरी से बाइक से वापस बालूमाथ लौट रहे थे। इसी दौरान एक अनियंत्रित बाइक ने टक्कर मार दिया। और फरार हो गया। जिससे तीनो घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से सभी को बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

### दो लोगों का शव संदेहास्पद स्थिति में हुआ बरामद

**लातेहार।** लातेहार जिला मुख्यालय के चंदनडीह मोहल्ले निवासी तुल्लू पांडेय का शव एक खेत में संदेहास्पद स्थिति में बरामद हुआ। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है। तुल्लू पांडे के शरीर पर कई स्थानों पर चोट के निशान थे. बीती रात तुल्लू पांडे अपने घर नहीं लौटे तो परिजनों के द्वारा उनकी खोजबीन की जाने लगी। इसी दौरान पता चला कि एक व्यक्ति खेत में पड़ा हुआ है। सूचना पाकर जब लोग वहां गए तो वहां तुल्लू पांडे को देखकर उसे तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया, पर जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद में घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस दलबल सदर अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया. वहीं घटनास्थल पर भी पहुंच कर मामले की छानबीन की। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन की जा रही है।

### शराबी बेटे ने खुद को पत्थर से किया घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के अमारवाड़ी पंचायत के मुखिया सुशीला देवी के पुत्र रोहित उरांव 20 वर्ष पिता राजेंद्र राव ने गुरुवार की शाम शराब के नशे में धुत होकर अपने घर पहुंचा और अपनी मां सुशीला देवी से कार की चाबी मांगा। मां द्वारा बेटे को शराब के नशे में होने के कारण चाबी देने से इनकार किया तो गुस्से में आकर रोहित उरांव ने पत्थर उठाकर अपने सर में फटकना शुरू किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक इलाज की गई ज्ञात हो कि रोहित उरांव के पुत्र राजेंद्र उरांव अमरवा डीह पंचायत के पूर्व मुखिया रह चुके हैं।

## मनिका विधायक शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने कचनपुर पहुंचे

# पीड़ित परिवार को मदद का दिया भरोसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह ।** गुरुवार की शाम रेलवे ट्रेक पार करने के दौरान मालगाड़ी की चपेट में आकर कचनपुर निवासी बनवारी सिंह के इकलौते पुत्र पंकज सिंह की मौत के बाद शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने शुक्रवार की सुबह उनके घर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह, यूथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह और राजद नेता सह समाजसेवी गिरजानंद सिंह चेरो सहित कई नेता पहुंचे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं दुख की इस घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया।



अंतिम संस्कार में शामिल विधायक।

**अंतिम संस्कार में शामिल हुए विधायक :** इधर विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने समर्थकों के साथ अंतिम संस्कार में शामिल होकर मृतक के परिजनों को हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। वहीं उन्होंने घटना पर दुख प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार के आंसू पोछे। विधायक ने कहा कि इस दुख की घड़ी में विवेक एवं धैर्य से बच्चों का पालन पोषण करें। पूरा कांग्रेस परिवार आपके साथ है।

### कचनपुर में अंडरपास होना जरूरी : गिरजानंद

वहीं मनिका विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी गिरजानंद सिंह चेरो ने अपने करीबी कार्यकर्ता मोहित वर्मा उर्फ मिठू, जनता पाल, संतोष यादव, संजय प्रसाद सहित अन्य कार्यकताओं के साथ पहुंच शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि यह घटना काफी मर्माहत करने वाली है। मृतक की तीन वर्षीय इकलौती पुत्री को देखकर काफी भावुक हुए और हर संभव मदद करने के साथ बच्ची की शिक्षा और परवरिश में भी मदद करने की बात कही। वहीं उन्होंने कहा कि कचनपुर रेलवे ट्रेक के पास अंडर पास बनाया जाना बहुत जरूरी है। इसे लेकर वह धनबाद रेल मंडल के वरीय अधिकारियों से वार्ता करेंगे। ताकि इस प्रकार की अनहोनी घटना की पुनरावृति नहीं हो। मौके पर बबलू सिंह, हरेश्वर सिंह, मुनारीक राम और सतीश यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्राकृतिक महापर्व सरहुल परब को लेकर हुई बैठक



बैठक में शामिल लोग।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** बारियातू नचना स्थित सरना भवन में प्रखंड स्तरीय प्राकृतिक परब सरहुल की तैयारी की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को बैठक की गई। बैठक मे मुख्य रूप से सरना धर्मावलंबियों के साथ शांतिपूर्ण तरीके से सरहुल पर्व मनाने सहित विभिन्न विन्दुओं पर चर्चा विचार विमर्श किया गया। चर्चा के पश्चात सरहुल पर्व संचालन हेतु कमिटी का गठन 13 मार्च को होने वाली बैठक में की जायेगी। बैठक का संचालन रामकिशुन उरांव ने किया।जबकि सभा की समाप्ति की घोषणा दिगंबर भगत ने की । बैठक में साल्वे मुखिया राजीव भगत ,पुर्व मुखिया प्रमोद उरांव , धनेश्वर उरांव, धर्म अगुआ तेतर उरांव ,प्रधान उरांव, जयपाल उरांव, रामप्रीत लोहरा,जगदिश उरांव, विना उरांव, जितेंद्र उरांव, तेतरी देवी, सीता मनी देवी, मालती देवी, रुपनी भगत,सरिता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मनिका में भाकपा माले ने निकाला प्रशासन के खिलाफ प्रतिवाद मार्च

### 73 वर्षीय वृद्ध फिरंगी सिंह के साथ पुलिस पर मारपीट करने का लगाया आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र के दुंदु ग्राम निवासी फिरंगी सिंह उम्र 73 वर्ष को मनिका पुलिस के द्वारा मारपीट करने एवं दुंदु गांव निवासी मृतक अशोक राम के हत्यारों को गिरफ्तारी को लेकर भाकपा माले के बैनर तले दिन शुक्रवार को पचफेड़ी चौक से हाई स्कूल मनिका तक मनिका पुलिस के खिलाफ प्रतिवाद मार्च निकाला गया। प्रतिवाद मार्च पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पुनः पचफेडी चौक में जा कर सभा मे तब्दील हो गई। मौके पर उपस्थित भाकपा माले के प्रदेश सदस्य बिरजू राम ने कहा की मनिका पुलिस 73 वर्षीय फिरंगी सिंह को पुलिस ने बेवजह से मारपीट किया है। वहीं भाकपा माले के जिला कमेटी के सदस्य अजय यादव ने कहा की प्रशासन निर्दोष ग्रामीणों को मारपीट कर रही है जब की बीते दिन पूर्व अशोक राम की हत्या की गई थी और पुलिस के द्वारा हत्यारों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। मौके पर मनिका पुलिस पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए फिरंगी सिंह 73 वर्षीय ने बताया कि पिछले 4 मार्च को मनिका पुलिस रात्रि के 2:00 बजे हमरा घर घेर कर हमको पकड़कर मनिका थाना लाकर हमारे साथ मारपीट किया है फिरंगी सिंह ने मनिका थाना एसआई पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।



प्रतिवाद मार्च में शामिल लोग।

**क्या कहते हैं मनिका थाना प्रभारी :** इस संबंध में पूछे जाने पर मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने बताया कि इस तरह के मामले के विषय में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

## अनियंत्रित बाइक दुर्घटनाग्रस्त, 3 घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के कुजरी के समीप तीखे मोड़ पर शुक्रवार की दोपहर एक बाइक सामने से आ रही कार से बचने के प्रयास में अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार बलराम गंझू पिता अशोक गंझू, कुलदीप गंझू पिता गुजू गंझू व सुमन गंझू (सभी चतरो चंदवा) गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा 108 एम्बुलेंस की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

**घायलों को अस्पताल लेकर आ रही एंबुलेंस टोरी रेलवे फाटक पर 20 मिनट तक फंसी, परेशान रहे परिजन :** दुर्घटना के बाद घायलों को लेकर अस्पताल आ रही 108 एंबुलेंस टोरी रेलवे फाटक पर लगे जाम में फंस गई। इस दौरान एम्बुलेंस में तीनों घायल जिंदगी व मौत से 20 मिनट तक जंग लड़ते रहे वहीं मालगाड़ी आराम से गुजरती रही। इस दौरान परिजन काफी परेशान देखे गए। फाटक खुलने के बाद तीनों घायलों को अस्पताल लाया गया। जहां डॉ नीलिमा कुमारी की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार तथा तीनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।



रेलवे फाटक पर फंसी एंबुलेंस।

## डीसी ने डीएमएफटी से किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की

# गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करें : बैद्यनाथ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में डीएमएफटी की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा विधायक लातेहार बैद्यनाथ राम को डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। बैठक में विधायक ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे पीसीसी पथ निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य उप केंद्र निर्माण, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रगति के रिपोर्ट के साथ कार्य का गुणवत्ता फोटोग्राफ अवश्य संलग्न करें। इसके आलावा उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयवधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ हीं वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने डीएमएफटी से हो रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली एवं अविलंब कार्यकारी एजेंसी को संचालित लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, डीएसओ बंधन लांग, लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरि शंकर प्रसाद, संबंधित पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।





बैठक में मौजूद अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

## बीडीओ व थाना प्रभारी ने कब्रिस्तान जमीन विवाद को सुलझाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छिपादोहर।** थाना क्षेत्र के हरातू पंचायत में कब्रिस्तान के चहारदीवारी निर्माण के लिए चले आ रहे जमीन विवाद को बीडीओ राकेश सहाय और थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने दोनों समुदायों के लोगों के साथ वार्ता कर सुलझा दिया है। मामला छिपादोहर थाना के हरातू पंचायत का है जहां पिछले दिनों हरातू पंचायत में कब्रिस्तान के चहारदीवारी निर्माण के समय जमीन को ले कर बिवाद उतपन्न हो गई था, मामले को ले कर दोनों समुदाय के लोगों ने थाना में आवेदन दिया था जिसपर बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार और दोनों समुदायों के बिशेष लोगों की उपस्थिति में सुलझा दिया गया। बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कब्रिस्तान के लिए लगभग 19.30 डिसमिल जमीन दोनों पक्षो की उपस्थिति में आवंटित किया गया। जिस पर सभी की सहमति हुई और इस फैसले का स्वागत किया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि अब जमीन को लेकर कोई भी विवाद नही होगा।



जमीनी विवाद मामले को सुलझाते अधिकारी।

वहीं कब्रिस्तान के जमीन के फैसले को ले कर कोई भी पक्ष बिवाद नही करेगा, कोई भी पक्ष बिवाद करेगा तो उस पक्ष के लोगों पर सीधा कानूनी करवाई की जाएगी, कब्रिस्तान के जमीन को लेकर कोई भी समुदाय के लोग बैठक कर विवाद नही करेगा, थाना प्रभारी ने कहा अब दोनों समुदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ रहेंगे और एक दूसरे को सहयोग करेंगे। मौके पर दोनों समुदाय के लोग और ग्रामीण उपस्थित थे।

## जुंगुर में होली मिलन समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड के जुंगुर पंचायत में होली पर्व के रंग उत्सव के दिन संध्या में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने लोगों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक दुगोला कार्यक्रम भी आयोजित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मनिका विधानसभा क्षेत्र के भावी राजद प्रत्याशी गिरजानंदन सिंह चेरो उर्फ गिरी जी के द्वारा कलाकारों एवं ग्रामीणों को अबीर गुलाल लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दुगोला कार्यक्रम में व्यास नागेंद्र यादव (मनिका) एवं व्यास लोरिक नाथ यादव (गढ़वा) के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत किए गए। वहीं कलाकारों ने अपने संगीत के माध्यम से मुख्य अतिथि गिरजानंदन सिंह चेरो एवं अन्य को सम्मानित किया। मौके पर राजद प्रदेश महासचिव देवबंद मांझी, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव, जिला उपाध्यक्ष दामोदर यादव,जुंगुर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र यादव, मीडिया प्रभारी रुपेश यादव, विनोद यादव,सतीश यादव ,दीपक यादव, बबलू कुमार,समेत कई लोग उपस्थित थे।



कार्यक्रम उपस्थित लोग।

## विधायक ने मां दुर्गा बाइक सर्विस सेंटर का किया उद्घाटन

### बेहतर बाइक सर्विस के लिए अब लोगों को शहर की ओर नहीं भागना पड़ेगा : रामचंद्र सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के पुराने ब्लॉक गेट के समीप मां दुर्गा बाइक सर्विसिंग सेंटर का उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह, वरिष्ट नेता अनिल सिंह, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, पूर्व मुखिया भुनेश्वर सिंह और बिरजू राम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जहां विधायक ने कहा कि बरवाडीह में बेहतर बाइक सर्विस सेंटर का शुभारंभ होना प्रखंड के लिए गर्व की बात है। इससे यहां के युवाओं को काफी सहूलियत होगी। दोपहिया वाहन स्वामियों को बेहतर सर्विस प्राप्त करने के लिए अब शहरो की ओर नहीं भागना पड़ेगा। प्रतिस्पर्धा के दौर में लोगों को बेहतर और सस्ती सेवाएं बरवाडीह में आसानी से उपलब्ध होंगी। वहीं उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा क्षेत्र को विकसित व समृद्ध करने के सपने को साकार बनाने के लिए विशेष प्रयास जारी हैं। जनता से जुड़े हर विषय स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, सड़क, बिजली, पानी एवं अन्य जनसुविधाओं तथा जरूरतों को पूरा कर क्षेत्र के लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने का प्रयास कर रहें हैं। वहीं उन्होंने सर्विस सेंटर के प्रोपराइटर को बधाई और शुभकामनाएं भी दी।



बाइक सर्विस सेंटर का उद्घाटन करते विधायक।

वहीं सर्विस सेंटर के प्रोपराइटर रंजित कु.सोनी ने बताया कि इस सर्विस सेंटर में कुशल कारीगर के द्वारा अच्छे काम सस्ते दर पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाइक सर्विस सेंटर सभी मानको को पूरा करते हुए अत्याधुनिक मशीनों के द्वारा बाइक का सर्विस किया जाएगा। साथ ही उपभोक्ता यहां स्पेयर पार्ट भी उचित दर पर प्राप्त कर सकते हैं।

## एक नजर में

### मदरसा खैरुल उलूम में सालाना तालीमी मुजाहिरा व जलसा इसलाह-ए-मुआशरा कार्यक्रम का आयोजन

**चंदवा।** शहर के तिलैयाटाँड़ स्थित मदरसा खैरुल उलूम में गुरुवार की रात सालाना तालीमी मुजाहिरा व जलसा इसलाह-ए-मुआशरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मौलाना मुफ्ती अब्दुल हकीम साहब नदवी ने की जबकि कार्यक्रम का संचालन मदरसा खैरुल उलूम के नाजिम मौलान रिजवान दानिश नदवी कर रहे थे। जलसा की शुरूआत हजतर कारी वाहजुल हक साहब के द्वारा प्रस्तुत तिलावत ए कुरान पाक से हुआ। जलसा में मदरसा में पढ़ने वाले छात्रों के द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पेश किए गए बेहतर नात,तकरीर सुनाने वाले बच्चों को पुरुस्कार देकर नवाजा गया। जलसे में पहुंचे मुख्य मोकररीर ए खुशुशी मौलाना मुस्तफीज रहमान नदवी आरा (बिहार) ने जलसे में लोगों को तकरीर में बताया कि हिफ्जे कुरान की दौलत दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है कुरान के पढ़ने और पढ़ाने वाले दोनों खुशनसीब हैं। वहीं शायर मौलाना बशीर अहमद भोजपुर (बिहार) ने अपने सुरीली आवाज से लोगों को खुश कर दिया। उन्होंने नात सुनाते हुए कहा कि मस्जिद में वो मिलेगा मंदिर में वो मिलेगा, हिंदू का है वो ईश्वर मुस्लिम का है वो खुदा। जलसा में पहुंचे मेहमान मौलाना मो नसीम अनवर नदवी इटकी रांची, मौलाना अब्दुल हकीम नदवी (रांची) मुफ्ती मौलाना गुलाम सरवर (लातेहार) मुफ्ती अतीकुर्रहमान साहब के द्वारा भी अपने अपने तकरीर व नात सुनाई। जलसा को कामयाब बनाने में मदरसा के नाजिम मौलाना रिजवान दानिश नदवी, डॉ शम्स राजा, हाफिज मो एहसान, हाजी तौफीक, हाजी शकील, मौलाना इरफान व मदरसा के उस्ताद व बच्चों का सराहनीय योगदान रहा। जलसा से पूर्व बाद नमाज मगरीब से इशा तक मदरसा के छोटे छोटे बच्चों का प्रोग्राम आयोजित किया गया था।जलसा में चंदवा प्रखंड के विभिन्न करबों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

### महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर पीएम के वेबिनार कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने लिया हिस्सा

**चंदवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर पोस्ट-बजट वेबिनार के संबोधन कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना कर्मियों और आंगनबाड़ी सेविकाओं ने हिस्सा लिया। संबोधन के पश्चात बीडीओ सह सीडीपीओ विजय कुमार ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते कहा कि सभी लोग एक बदलाव लाने की चेष्टा करें। वह बदलाव जो किसी किसी लड़की के चेहरे पर मुस्कान ला दे। उसे आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करें। मौके पर बीडीओ के अलावा जेएलएलपीए कर्मी, महिला पर्यवेक्षिका ज्योति बाला, मीरू झा, शोभा देवी, विद्या रानी, सुषमा वैद्य, शशिबाला पाठक, जोलजेन मिंज, देवन्ती देवी, लीना साह, संध्याबाला देवी समेत अन्य आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका और अन्य मौजूद थे।

### जनता दरबार में लोगों की सुनी गयी समस्याएं

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को लगा सप्ताहिक जनता दरबार, वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखू हेंब्रम, सीओ शम्भु राम ने प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों की सुनी गई फरियाद, वहीं जनता दरबार में भूमि सत्यापन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, समेत आदि समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने बीडीओ, सीओ को लिखित रूप से आवेदन देकर समस्या का समधन करने को मांग की। वहीं एमओ शम्भु राम ने सरयू प्रखंड के कोई जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण कर डीलरो से जायजा। मौके पर चोरहा पंचायत के मुखिया अंकित देवी, सांसद प्रतिनिधि सुनील प्रसाद, प्रदिप सिंह, समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### सास पति बहू सम्मेलन सह परिवार कल्याण दिवस का हुआ आयोजन

**बारियातू।** जिला स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार शिबला पंचायत के भाटचतरा मे सास बहु पति सम्मेलन सह परिवार कल्याण दिवस का आयोजन शुक्रवार को किया गया। सम्मेलन में एएनएम अर्चना हस्सा सीएचओ ममता कुजूर ने उपस्थित महिलाओ को जनसंख्या नियंत्रण के सम्बंध मे विस्तृत जानकारी दिये। सम्मेलन मे उपस्थित नवविवाहित महिलाओ को बीमारी से बचाव तथा बच्चे को जन्म का अंतराल रखने के लिए सयम बरतने की भी सलाह दी गई। साथ ही बताया की क्षेत्र मे लगातार दो बच्चे से अधिक संख्या मे जन्म दिए जाने के कारण बढ़ते जनसंख्या से रोजगार सहित अन्य उत्पन्न हो रहे समस्या से निजात के लिए जनसंख्या नियंत्रण करने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। नियमित दो वर्ष के अंतराल में दो बच्चे का जन्म देने के बाद बंध्याकरण करवाने वाली महिलाओ को पुरुस्कार भी दिया गया। मौके पर सहिया पूनम देवी, हलीमा खातून सहित बिंदिया देवी, सोनी देवी, सबिता देवी, प्रीति देवी, रिंकू, रिंकी देवी, कविता देवी, पूनम देवी, शांति, सरिता देवी, सुलेशनी देवी, बीबीता सहित कई महिला सम्मेलन में भाग लिये।

